प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 22 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स एल्सटॉम कम्पनी में सेवायोजन हेतु 06 (छः) विद्यार्थियों क्रमशः (बीटेक आईटी) अंजलि कुर्केती एवं सोनाक्षी रावत तथा (बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग) आकाश बृजवासी, अर्मिता शुक्ला, आयुष प्रसाद एवं मनीष कुंवर और (एमटेक) कामाक्षी चौहान का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग वित्तीय प्रतिवर्ष रू. 6.80 से 7.50 लाख तथा अन्य सुविधाएं देय होगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

1 से 6. चयनित विद्यार्थी।